


## एक नजर में



### मोरवा टीआई यूपी सिंह का पीएचक्यू तबादला

**सिंगरौली।** मोरवा थाने में पदस्थ निरीक्षक उमेश प्रताप सिंह को आज पुलिस मुख्यालय भोपाल के लिए तबादला कर दिया गया है। यहां बताते चले कि टीआई यूपी सिंह का पदस्थापना कार्यकाल जिले में 10 साल से अधिक हुआ था। जहां आज दिन बुधवार को पीएचक्यू से तबादला का आदेश जारी हो गया।



### सीटा डेल कर्मचारियों को तीन महीने से नहीं मिली पगार

**सिंगरौली।** नगर निगम सिंगरौली में कार्यरत सीटा डेल कंपनी के करीब तीन सैकड़ा सफाई कर्मियों को तीन महीने से मानदेय नही मिला है। आज दिन बुधवार को सीटा डेल कंपनी के दर्जनों के संख्या में स्टाफ सिंगरौली विधायक रामनिवास के कार्यालय बिलौंजी पहुंच अपनी वस्तु-स्थिति से अवगत कराया और कहा कि तीन महीने से मानदेय न मिलने पर आर्थिक समस्या से जुझना पड़ रहा है। नगर निगम के अधिकारी एवं मेयर कुछ भी सुनने को तैयार नही हैं। सीटा डेल के स्टाफ ने यह भी कहा कि इन दिनों बच्चों के पालन-पोषण में भी दिक्कत आ रही है। बच्चों के स्कूल फीस एवं बिजली बिल भी जमा नही कर पा रहे हैं। विधायक ने निगमायुक्त से बात भी किये हैं।

### दिनदहाड़े बाइक चोरी, पूरी वारदात सीसीटीव्ही में कैद

**सिंगरौली।** जिला मुख्यालय बैढ़न के कोतवाली थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। ताजा मामला बीते दिन मंगलवार 6 जनवरी की शाम 4:38 बजे का है, जब प्रमोद जैन के घर के सामने खड़ी उनकी हीरो होंडा बाइक क्रमांक यूपी 64 क्यू 3297 को अज्ञात चोर दिनदहाड़े चोरी कर ले गया। खास बात यह है कि चोरी की पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीव्ही कैमरे में साफतौर पर कैद हो गई है, इसके बावजूद चोर बेखौफ नजर आया।स्थानीय लोगों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने और त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

### रेत उत्खनन कार्य में लगी पोकलेन मशीन जब्त

**सिंगरौली।** राजस्व एवं खनिज विभाग के संयुक्त दल द्वारा ग्राम भुड़कुड़ औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वीकृत क्षेत्र के बाहर उत्खनन कार्य में लगी पोकलेन मशीन को जप्त किया गया। इस संबंध में एसडीएम माड़ा नंदन तिवारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान म्यार नदी में रेत उत्खनन स्वीकृत क्षेत्र से लगभग 200 मीटर दूर अवैधन रेत उत्खनन करते हुए एक पोकलेन मशीन को जप्त किया गया है। इस दौरान राजस्व, खनिज एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।

# बैगा बाहुल्य गांवों में शिक्षा का अलख जगाएं : आर्य

## अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग अंतर सिंह आर्य ने एनसीएल के साथ की समीक्षा बैठक

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 7 जनवरी। एनसीएल के मुख्यालय में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य का आगमन हुआ। इस दौरान राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष ने अनुसूचित जनजाति के कल्याण एवं विकास की दिशा में किए जा रहे कार्यों के आलोक में एनसीएल की समीक्षा की।**



इस अवसर पर अध्यक्ष आर्य ने राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में एनसीएल की भूमिका को सराहा। साथ ही अपने उद्बोधन में उन्होंने सीएसआर के माध्यम से स्थानीय समुदाय के उत्थान के लिए एनसीएल द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भी प्रशंसा की। उन्होंने बैगा बाहुल्य गांवों में शिक्षा का अलख जगाने का आह्वान करते हुए कहा कि देश की प्रगति और विकास यात्रा में आदिवासी समुदाय का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक के दौरान एनसीएल के निदेशक मनीष कुमार ने आयोग के समक्ष एनसीएल में अनुसूचित जनजाति के हितों के लिए उठाए गए कदमों को रेखांकित करते हुए पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया, आंतरिक चयन, सुव्यवस्थित शिकायत निवारण प्रणाली, कर्मचारी कल्याण और प्रशिक्षण एवं विकास का विवरण रखा। साथ ही जनजातीय समुदाय के कल्याण से जुड़े एनसीएल की विभिन्न सीएसआर पहलों को भी आयोग के समक्ष रखा। इस अवसर पर एनसीएल के निदेशक सुनील प्रसाद सिंह, अनुसूचित जनजाति आयोग के वरीय उप निदेशक आरके दुबे, एनसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागाध्यक्ष एवं विभिन्न परियोजनाओं से आए स्टाफ अधिकारी उपस्थित रहे।




### एक पेड़ मां के नाम किया पौधरोपण

अपने दौरे के दौरान अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष ने अन्य गणमान्यों के साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एनसीएल परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने सामाजिक सरोकार के तहत संविदा कर्मियों के बीच कंबल का वितरण भी किया। इस दौरान एक विस्तृत पीपीटी के माध्यम से अनुसूचित जनजाति के लिए एनसीएल द्वारा किए जा रहे सीएसआर एवं कल्याण की गतिविधियों का अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति आयोग ने अवलोकन भी किया। इसके पूर्व उन्होंने एनसीएल के विभिन्न अनुसूचित जनजाति से जुड़े संगठनों के प्रतिनिधियों से संवाद किया।

# सिंगरौली-भोपाल रेल संपर्क को मिली नई रफ्तार

## दो साप्ताहिक ट्रेनों की स्वीकृति से रोजाना सेवा संभव

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली, 7 जनवरी।ऊर्जाधानी के लिए रेल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में एक बड़ी और लंबे समय से प्रतीक्षित सौगात सामने आई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा जारी पत्र आज दिन बुधवार को सीधी-सिंगरौली सांसद डॉ. राजेश मिश्रा को प्राप्त हुआ, जिसमें सिंगरौली और भोपाल के बीच प्रतिदिन रेल सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दो नई साप्ताहिक ट्रेनों को स्वीकृति प्रदान की गई है। यह निर्णय क्षेत्र की जनता के लिए बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है।**



रेल मंत्रालय द्वारा जारी पत्र के अनुसार एक साप्ताहिक ट्रेन चोपन-सिंगरौली-भोपाल तथा दूसरी साप्ताहिक ट्रेन धनबाद-सिंगरौली-भोपाल को मंजूरी दी गई है। खास बात यह है कि ये दोनों ट्रेनें 22165/66 सिंगरौली, भोपाल ऊर्जाधानी एक्सप्रेस के निर्धारित समय पर ही संचालित होंगी, जिससे सिंगरौली और भोपाल के बीच प्रतिदिन रेल सेवा उपलब्ध हो सकेगी। इससे यात्रियों को समय और सुविधा दोनों का लाभ मिलेगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के इस निर्णय पर डॉ. राजेश मिश्रा ने आभार व्यक्त करते हुए अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट साझा की, जिसमें उन्होंने कहा कि यह सौगात सिंगरौली, सीधी सहित पूरे विंध्य क्षेत्र के यात्रियों, छात्रों, मरीजों और व्यापारियों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी। राजधानी से सीधा संपर्क मजबूत होने से विकास को भी गति मिलेगी।

# कायाकल्प की टीम पहुंची जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर

## टीम ने एक-एक वार्डो का किया निरीक्षण



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 7 जनवरी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत शुरू की गई एक राष्ट्रीय पहल कायाकल्प की आज अंतरजिला की चार सदस्यीय टीम जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न पहुंच स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता को परखा।**

जानकारी के अनुसार कायाकल्प की टीम में डॉ. पुनीत श्रीवास्तव जिला अस्पताल, मनोज कुमार प्रजापति जिला क्वालिटी मॉनिटर शहडोल की टीम आज दिन बुधवार को जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न पहुंची। जहां टीम ने कायाकल्प के तहत निर्धारित पैरामीटर के तहत सर्जरी, वार्ड गायनिक वार्ड, मेडिसीन, गहन शिशु चिकित्सा केन्द्र के अलावा फिजियों थेरपी, बायोमेडिकल वेस्ट, ओपीडी समेत अस्पताल की एक-एक वार्डो की साफ-सफाई, पार्क सहित अन्य का अवलोकन करते हुये निरीक्षण किये। साथ ही मरीजों एवं चिकित्सको से भी संवाद किये। यहां बताते चले कि कायाकल्प कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रो में स्वच्छता, सफाई और संक्रमण नियंत्रण को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया एक अभियान है, जिसके तहत अच्छा प्रदर्शन करने वाले संस्थानों को पुरस्कार और वित्तीय सहायता दी जाती है और यह स्वच्छ भारत मिशन का एक हिस्सा है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना और मरीजों के लिए सुरक्षित व स्वच्छ वातावरण तैयार करना है। इस दौरान जिला चिकित्सालय का स्टाफ मौजूद रहा।

# गरीब परेशान, निर्माण कार्यों में भी जमकर कमीशनखोरी : सरस्वती

## कांग्रेस पार्टी का तीसरे दिन धरना जारी, जिलाध्यक्ष ने पहुंचकर प्रशासन एवं सरकार को घेरा

नवभारत न्यूज

**सरई 7 जनवरी। स्थानीय तहसील मुख्यालय में थाना के सामने 26 सूत्रीय मांग पत्रों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरई क्रमिक अनशन शुरू किया है। आज तीसरे दिन कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष ग्रामीण सरस्वती सिंह धरना में शामिल होकर स्थानीय प्रशासन, नगर परिषद एवं प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुये जमकर कोसा।**



गौरतलब है कि क्षेत्रीय समस्या बिजली, पानी, सड़क, घटिया नाली निर्माण, आउट सोर्स कर्मचारियों की सूची सार्वजनिक करने, वार्डो में गुणवत्ता विहीन कार्यो की जांच कराने, सरई कोलयार्ड में तत्काल नो-एन्ट्री का पालन कराने, तहसील कार्यालय में दलालों के सक्रियता को रोकने, वार्ड क्रमांक 11 में एचपीसी पुलिया निर्माण एवं सार्वजनिक हैंडपंपो के उत्खनन समेत अन्य कई 26 मांगों को लेकर 5 जनवरी से जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली ग्रामीण आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता सुनील कुमार जायसवाल, रणबहादुर सिंह, अम्बिका प्रसाद जायसवाल सहित अन्य क्रमिक अनशन पर आज तीसरे दिन भी बैठे रहे। आज दिन बुधवार को जिलाध्यक्ष ग्रामीण एवं पूर्व विधायक चितरंगी धरना में शामिल होकर प्रदेश सरकार एवं स्थानीय प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुये कहा कि मोहन सरकार में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। गरीब परेशान हो रहे हैं, निर्माण कार्यो में जमकर कमीशनखोरी है। न्याय के लिए गरीब दर-दर भटक रहे हैं, उनका सुनने वाला कोई नही है। सितम्बर महीने के आखिरी सप्ताह में अतिवृष्टि से धान समेत अन्य कई खरीफ की फसले बर्बाद हो गई। जिले के एक भी अन्नदाताओं को फूटीकौड़ी सरकार के द्वारा सहायता राशि नही दी गई। जबकि जिले के सांसद एवं विधायको ने आश्वस्त किया था कि सर्वे कराकर सहायता राशि मुहैया कराई जाएगी। परंतु भाजपा की सरकार गुमराह कर केवल वोट हथियाती है। इस दौरान अन्य कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सज्जनों के उद्धार और दुर्जनों के संहार के लिये अवतार लेते हैं भगवान : महाराज

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 7 जनवरी। जिला मुख्यालय के रामलीला मैदान में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के महायज्ञ में श्रद्धालुओं का मानो सैलाब उमड़ पड़ा।**



भक्तों के बीच अपार श्रद्धा भक्ति के बीच श्रीधाम वृन्दावन से आये कथावाचक डॉ. संजयकृष्ण सलिल महाराज ने मित्रता फाउंडेशन तत्वाधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन अपने प्रवचन में सृष्टि की रचना, ब्रह्म जी के जन्म, कपिलमुनि के उपदेश, ध्रुव चरित्र और भक्त प्रहलाद की कथा सहित भक्त और संसारी की भक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि भक्त हमेशा भक्ति, वैराग्य निष्ठा और ठाकुर जी के प्रति समर्पण की चर्चा करते हैं, जबकि संसारी अपने संसार की महाराज सलिल ने बताया कि वैष्णव का धन श्री राधा हैं, वे हमेशा किशोरी जी की ही चर्चा करते हैं। उन्होंने कर्दम-देवहूति संवाद और समुद्र मंथन की कथा सुनाई। महाराज जी ने इन प्रसंगों के माध्यम से जीवन में सही कर्मों और ईश्वर भक्ति के मार्ग पर चलने का संदेश दिये, जिससे मनुष्य दुखों से पार पाकर सुखमय जीवन जी सके। सृष्टि की रचना होने के संदर्भ में कथावाचक ने बताया कि ब्रह्म जी का विष्णु जी की नाभि से जन्म और सृष्टि का निर्माण का सुयोग बना। साथ ही कर्दम ऋषि और देवहूति के संवाद के माध्यम से नवधा भक्ति का ज्ञान भी परोसा। कुल मिलाकर कथावाचक महाराज ने भक्ति, वैराग्य और निष्ठा के महत्व पर प्रकाश डाला।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष जयंत पर भूमि में अवैध कब्जा करने का आरोप

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 7 जनवरी। सत्ताधारी भाजपा के एक और पदाधिकारी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। जयंत क्षेत्र के भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश वर्मा अब गंभीर कानूनी आरोपों के घेरे में आ गए हैं। मामला सरकारी उपक्रम एनसीएल की अधिग्रहित भूमि पर अवैध कब्जा और निर्माण से जुड़ा हुआ है, जिसे लेकर अब एफआईआर दर्ज करने की तैयारी शुरू हो चुकी है।**

सूत्रों के अनुसार एनसीएल की सुरक्षा शाखा ने संबंधित थाने में लिखित आवेदन सौंपते हुए आरोप लगाया है कि कमलेश वर्मा ने कंपनी की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर वहां मकान का निर्माण कराया है। प्रबंधन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। यदि पुलिस आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करती है, तो यह मामला सीधे तौर पर सत्ताधारी दल की छवि पर भी असर डाल सकता है।

# पुनर्वास योजना को लेकर प्रभावित परिवारों में असंतोष

## मोरवा शहर के विस्थापित परिवारों को समान पुनर्वास लाभ देने की मांग

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 7 जनवरी। मोरवा शहर में प्रस्तावित विस्थापन एवं पुनर्वास योजना को लेकर प्रभावित परिवारों में असंतोष व्याप्त है। विस्थापित परिवारों ने कलेक्टर से मिलकर मांग की है की एनसीएल से सभी प्रभावित परिवारों को समान विस्थापन एवं पुनर्वास लाभ प्रदान कराएं जाएँ।**



प्रभावित परिवारों का कहना है कि वर्तमान प्रस्तावित पुनर्वास योजना में पट्टाधारित एवं गैर-पट्टाधारित परिवारों के बीच विस्थापन राशि एवं प्लॉट/प्लॉट राशि में बड़ा अंतर रखा गया है। प्रस्ताव के अनुसार गैर-पट्टाधारित परिवारों को 5 लाख विस्थापन राशि एवं 6 लाख प्लॉट राशि, जबकि पट्टाधारित परिवारों को 15 लाख विस्थापन राशि एवं 18 लाख प्लॉट राशि दिए जाने का प्रावधान है। परिवारों का तर्क है कि दोनों श्रेणियों के लोग दशकों से एक ही क्षेत्र में निवास कर रहे हैं और विस्थापन से समान रूप से प्रभावित हो रहे हैं। केवल भूमि के कागजी स्वरूप के आधार पर पुनर्वास लाभों में भेदभाव करना सामाजिक असंतोष को जन्म दे रहा है। ज्ञापन में लेख है कि भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन से संबंधित केंद्रीय अधि., 2013 के अंतर्गत प्रभावित परिवार की परिभाषा निवास और आजीविका के आधार पर की गई है, न कि केवल पट्टे के आधार पर। अधि. की द्वितीय अनुसूची सभी प्रभावित परिवारों को समान आवास, विस्थापन भत्ता एवं पुनर्वास सुविधाएँ देने की व्यवस्था करती है।

# सुरक्षा जीवन के हर कदम पर आवश्यक है : संजीब

नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 7 जनवरी। एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा एनटीपीसी रोड सेफ्टी माह के अंतर्गत एमजीआर क्षेत्र में एक मेगा पेप टॉक का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कार्यस्थल पर सुरक्षा के प्रति परियोजना की सतत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।**



इस अवसर पर एजे राजकुमार महाप्रबंधक, एसके सिन्हा, आशीष कुमार अग्रवाल अपर महाप्रबंधक, मुकेश कश्यप, एमएस श्रीनिवासन तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान संजीब कुमार साहाम परियोजना प्रमुख ने उपस्थित कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सुरक्षा जीवन के हर कदम पर आवश्यक है और यह घर से बाहर निकलते ही शुरू हो जाती है। उन्होंने सभी कर्मियों से सतर्क रहने एवं कार्य के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का पालन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सहभागिता बढ़ाने के लिए कुछ कर्मचारियों ने अपने दैनिक कार्यों में अपनाई जाने वाली सुरक्षा प्रक्रियाओं को साझा किया।

# मिश्रा नर्सिंग होम में 11 लोगों को मिली नई नेत्र ज्योति

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 7 जनवरी। स्वामी विवेकानंद जयंती सेवा सप्ताह के अंतर्गत इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा प्रथम चरण में 11 चिन्हित मोतियाबिंद मरीजों को मिश्रा पॉली क्लीनिक एवं नर्सिंग होम, बैढ़न में उपचार के लिए लाया गया, जहाँ सभी मरीजों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन सफलतापूर्वक कर लेंस प्रत्यारोपण किया गया।**




उक्त सेवा कार्य के दौरान शरद ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए सभी मरीजों को कंबल का वितरण भी किया गया। रेडक्रॉस सिंगरौली द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत आगामी चरणों में भी नेत्र चिकित्सा शिविर कार्यक्रम आयोजित किए जाने का प्रस्ताव है, जिससे अधिकाधिक जरूरतमंद रोगियों को लाभान्वित किया जा सके। कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन एसडी सिंह, सचिव डॉ. ओपी राय, डॉ. डीके मिश्रा, राजाराम केसरी, विवेक कुमार त्रिपाठी, रेडक्रॉस सदस्य बृजेश शुक्ला एवं इसके अतिरिक्त रेडक्रॉस के सेवायुक्त जयप्रकाश दुबे, मुकुल किशोर एवं शिरीन सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# 10वीं का 85 एवं 12वीं कक्षा का 90 प्रतिशत से अधिक परिणाम रहे : गौरव

## कलेक्टर ने की आगामी बोर्ड परीक्षा के तैयारियों की समीक्षा, प्री बोर्ड परीक्षा परिणाम को जारी करें

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 7 जनवरी। कलेक्टर गौरव बैनल ने आगामी 10वीं एवं 12वीं कक्षा की आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षा के तैयारियों की कलेक्ट्रेट सभागार में विस्तृत समीक्षा की।**



कलेक्टर ने पिछले दो वर्षो के बोर्ड परीक्षा परिणामो का विश्लेषण करते हुये डीईओ को निर्देशित किया कि आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए 10वीं तथा 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम लक्ष्य निर्धारित किया जाये। उन्होंने कहा कि 10वीं कक्षा परिणाम 85 प्रतिशत से अधिक रहे तथा 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत से अधिक रहे। कलेक्टर ने कहा कि बोर्ड परीक्षा के परिणामो को बेहतर बनाने के लिए विद्यालयो में विशेष कक्षाओ का आयोजन किया जाये, इन विशेष कक्षाओ के माध्यम से सेम्पल पेपर हल करवाकर तथा वन लाईनर प्रश्न पुस्तिका गहन अध्ययन करवाकर छात्रो को परीक्षा के पूर्ण रूप से तैयारी करायें। कलेक्टर ने डीईओ को निर्देशित किया कि 16 जनवरी तक प्री बोर्ड के परीक्षा परिणामो को जारी किया जाये।बैठक के दौरान डीपीसी आरएल शुक्ला सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### दल गठित कर विशेष कक्षाओं का निरीक्षण कराएं

उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर पर प्राचार्य एवं शिक्षको की बैठक आयोजित कर उक्त निर्देश के पालन के लिए अवगत करायें। कलेक्टर ने कहा कि प्री बोर्ड परीक्षा होने के उपरांत जिला मुख्यालय में भी विद्यालय वार प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित कर की जायेगी। इस बैठक में पिछले वर्ष जिन विद्यालयो का परीक्षा परिणाम लक्ष्य के अनुरूप नही प्राप्त हुये थे, ऐसे विद्यालयो की प्री बोर्ड परीक्षा के परिणामो का तुलनात्मक स्थिति की जानकारी से अवगत कराये। साथ ही डीईओ को निर्देशित किया कि जिलाधिकारियों का भी दल गठित कर विद्यालयो में चलाई जा रही विशेष कक्षाओ का निरीक्षण करायें।